सोमवार
23 मार्च, 2026
# अपना नालन्दा
अपना शहर, अपना खबर
वर्ष 2, अंक 49 | नालंदा का नंबर - 1 डिजिटल अखबार
www.apnanalanda.com

जानकी शिशु महाविहार
शिशु स्तर से पंचम स्तर तक
विशेषताएँ :-
• सी. सी. टी. वी. कैमरा की व्यवस्था
• स्मार्ट क्लास
• सभी रूट पर वाहन की व्यवस्था
• कंप्यूटर क्लास

## बिहार दिवस पर नालंदा में सांस्कृतिक कार्यक्रम, लाभार्थियों को चेक और ट्राई साइकिल वितरित



संजय कुमार/अखिलेंद्र कुमार




बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। बिहार दिवस के अवसर पर रविवार को नालंदा जिले में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नगर भवन बिहारशरीफ में आयोजित इस कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस मौके पर नालंदा के सांसद कौशलेंद्र कुमार, बिहारशरीफ के विधायक डॉ. सुनील कुमार, नगर निगम की महापौर श्रीमती अनीता देवी, बीस सूत्री के उपाध्यक्ष अरशद अजीज, जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार और पुलिस अधीक्षक भारत सोनी सहित सहायक प्रशिक्षु समाहर्ता, अपर समाहर्ता (नालंदा) तथा अपर समाहर्ता (विभागीय जांच) समेत कई अधिकारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार ने बिहार दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह दिन बिहार के गौरवशाली इतिहास, समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और विकास यात्रा को याद करने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि राज्य के विकास में सभी की सहभागिता आवश्यक है।

इस अवसर पर स्थानीय कलाकारों और छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिनमें बिहार की लोकसंस्कृति, परंपरा और कला की झलक देखने को मिली। कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा सरकारी योजनाओं और उपलब्धियों से संबंधित स्टॉल भी लगाए गए थे। अतिथियों और अधिकारियों ने इन स्टॉलों का निरीक्षण कर वहां प्रदर्शित योजनाओं और जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की जानकारी ली। अधिकारियों ने स्टॉल संचालकों को निर्देश दिया कि आम लोगों को योजनाओं की स्पष्ट और सही जानकारी उपलब्ध कराई जाए।

कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में श्रीमती सवीना खातून, शिव शंकर कुमार, अर्चना, रेणु कुमारी, रामप्रकाश कुमार सिन्हा (जिला समन्वयक, एनएनएम) और महिला पर्यवेक्षिका अंजली कुमारी शामिल हैं।

बिहार दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री निःशक्तजन विवाह प्रोत्साहन अनुदान योजना के तहत कई लाभार्थियों को एक-एक लाख रुपये की स्वीकृत राशि का चेक प्रदान किया गया। लाभार्थियों में बिल्टु चौधरी, रिंकी कुमारी, धर्मवीर जमादार, कारू रविदास, मेहर कुमारी, सिंटू कुमार, सीताराम पंडित, राजीव कुमार, रिंकु कुमारी, राजू कुमार, ज्योति कुमारी, विजय पासवान, रानी देवी, सरिता कुमारी, संतोष पासवान, संजय कुमार, निशु कुमारी और संजय पंडित शामिल हैं।

इसके अलावा अंतरजातीय विवाह योजना के तहत सोनी कुमारी, स्वेता कुमारी और काजल कुमारी को भी एक-एक लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई।

कार्यक्रम के दौरान दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने और उनकी गतिशीलता बढ़ाने के उद्देश्य से बैटरी चालित ट्राई साइकिलों का भी वितरण किया गया। सांसद कौशलेंद्र कुमार और विधायक डॉ. सुनील कुमार की उपस्थिति में रहुई प्रखंड के सरीला देवी, ममता देवी, दीपक कुमार, सिंटू कुमार, ब्रजेश चौधरी और विजय रविदास को ट्राई साइकिल प्रदान की गई।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में आमजन, छात्र-छात्राएं और विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बिहार दिवस के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में बिहार की संस्कृति, विकास योजनाओं और सामाजिक कल्याण कार्यक्रमों की झलक देखने को



## हिलसा पूर्वी बाईपास निर्माण स्थल पर पोपलेन चालक की गोली मारकर हत्या



हिलसा (अपना नालंदा)। हिलसा पूर्वी बाईपास निर्माण कार्य में लगे एक पोपलेन चालक की बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी। घटना के बाद निर्माण स्थल पर अफरातफरी मच गई और मजदूरों तथा स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल बन गया।

मृतक की पहचान झारखंड के पथरी गांव निवासी कुलदीप यादव (32 वर्ष) के रूप में की गई है। बताया जाता है कि शनिवार की देर शाम त्रिलोक बिगहा के पास निर्माण स्थल पर बाइक सवार बदमाश पहुंचे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बदमाशों ने पहले साइट पर मौजूद इंजीनियर को निशाना बनाने की कोशिश की, लेकिन इसके बाद उन्होंने निर्माण कार्य में लगे पोपलेन चालक कुलदीप यादव को सीने में गोली मार दी। गोली लगते ही वह गंभीर रूप से घायल होकर मौके पर गिर पड़े।

घटना के बाद मौके पर मौजूद मजदूरों और स्थानीय लोगों में अफरातफरी मच गई। आनन-फानन में घायल चालक को इलाज के लिए हिलसा अनुमंडलीय अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। हिलसा थानाध्यक्ष अभिजीत कुमार ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि बाईपास निर्माण कार्य में लगे चालक की गोली मारकर हत्या की गई है। फिलहाल हत्या के पीछे के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है।

उन्होंने बताया कि पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और बदमाशों की पहचान के लिए छापेमारी की जा रही है। घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल है, जबकि पुलिस आसपास के क्षेत्रों में भी निगरानी बढ़ा दी है।

## हिलसा में धूमधाम से मना बिहार दिवस, एसडीओ अमीत कुमार पटेल ने किया उद्घाटन





हिलसा (अपना नालंदा)। हिलसा अनुमंडल कार्यालय परिसर में रविवार को 'उन्नत बिहार, उज्ज्वल बिहार' थीम के साथ बिहार दिवस उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। तीन दिवसीय कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन अनुमंडल पदाधिकारी अमीत कुमार पटेल ने अन्य पदाधिकारियों के साथ संयुक्त रूप से किया।

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आम लोगों को दी गई। कृषि, ग्रामीण विकास, पंचायती राज, राजस्व, शिक्षा, कल्याण, बाल विकास, नगर परिषद, पीएचईडी, अग्निशमन, विद्युत, स्वास्थ्य, पुलिस और जीविका विभाग के स्टॉल आकर्षण का केंद्र बने रहे। एसडीओ अमीत कुमार पटेल सहित अन्य अधिकारियों ने स्टॉलों का निरीक्षण कर योजनाओं की विस्तृत जानकारी ली।

इस अवसर पर एसडीओ अमीत कुमार पटेल ने कहा कि 'उन्नत बिहार, उज्ज्वल बिहार' केवल एक थीम नहीं बल्कि राज्य के विकास का संकल्प है। उन्होंने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी ढंग से धरातल पर उतारना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है, ताकि समाज के अंतिम व्यक्ति तक इसका लाभ पहुंच सके। उन्होंने विभागों के बेहतर समन्वय के साथ योजनाओं के सफल क्रियान्वयन पर भी जोर दिया।

कार्यक्रम का मंच संचालन प्रधान शिक्षक अजीत कुमार सिंह ने किया। इस दौरान बिहार राज्य प्रार्थना और 'जय-जय बिहार' गीत की प्रस्तुति देकर लोगों को उन्नत और विकसित बिहार के निर्माण में अपनी भागीदारी निभाने की अपील की गई।

इस मौके पर अनुमंडल कल्याण पदाधिकारी बृजेश कुमार मौर्य, अनुमंडल कृषि पदाधिकारी चन्द्रलोक, बीडीओ अमर कुमार, कार्यपालक पदाधिकारी रविशंकर कुमार, थानाध्यक्ष अभिजीत कुमार, बीपीएम राजेश कुमार, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी नितेश कुमार रंजन और प्रधान शिक्षक अजीत कुमार सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।


SAI BODHIT PVT. LTD.
बिहारशरीफ़ की नई पहचान
SHRIEJAN HEIGHTS में अपना आशियाना।
SHRIEJAN
HEIGHTS
कल्पना एक सुंदर-समृद्ध भारत की।
LIFESTYLE OF THE WORLD
COMES TO BIHARSHARIF
चोरा बगीचा से केवल 2 मिनट की दुरी पर ..........
APPROVED
RERA
APPROVED
APPROVED
Project Registration Number
BRERAP19200101102525O432E00
from ₹4251 TO
₹4551/*sq.ft
60%
Free Area
Amenities:
. Swimming Pool
· Vastu Compliant Design
. Kids' Play Area
· Volleyball / Badminton Court
. Cricket net pitch
. Landscape & Roof Top Garden
. Temple in Premises
. Highly Secured Society (24x7 security & cctv surveillance)
· 100% Power Backup
. Ample Parking Space & Visitor Car Parking Facility
· EV Reserved Car Parking
Contact Us -
1800 5728 177 (TOLL FREE NUMBER)
9031605004
COMFORT, LUXURY
WELLNESS
Site/Office -
सृजन कोल्ड स्टोरेज,
नालंदा टीचर ट्रेनिंग कॉलेज के सामने,
राजगीर रोड, बिहारशरीफ (4-लेन राष्ट्रीय राजमार्ग-82)
Contact us today to book your site visit!

# बिहार दिवस पर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए नालंदा के छात्रों को किया रवाना



बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। बिहार दिवस के अवसर पर नालंदा जिले के सफल छात्र-छात्राओं को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए जिला शिक्षा कार्यालय से रवाना किया गया। जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (स्थापना) आनंद शंकर, एडीपीसी श्यामनंदन झा और मीडिया प्रभारी धनंजय कुमार ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर बच्चों को रवाना किया।


इस दौरान अधिकारियों ने बच्चों को प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया और कहा कि यह अवसर उनके प्रतिभा प्रदर्शन का महत्वपूर्ण मंच है। उन्होंने उम्मीद जताई कि नालंदा जिले के छात्र राज्य स्तर पर भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन करेंगे।बच्चों की देखरेख के लिए नोडल शिक्षक रामाधीन प्रसाद और पम्मी कुमारी को उनके साथ भेजा गया। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों और अधिकारियों ने छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें आत्मविश्वास के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने की सलाह दी।

इस मौके पर शिक्षक अजय कुमार, प्रशांत प्रियदर्शी, मनीष कुमार और शिशिर कुमार सिन्हा भी उपस्थित रहे और बच्चों को शुभकामनाएं दीं। वहीं कुमार अश्विनी चंद्रा, डॉ. प्रभाकर सिन्हा, डॉ. अभिनव कुमार, प्रेम शंकर और विद्यानंद ने भी छात्रों की सफलता के लिए शुभकामनाएं व्यक्त कीं।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी शिक्षकों और अधिकारियों ने कहा कि बच्चों की प्रतिभा को आगे बढ़ाने के लिए ऐसे आयोजनों का काफी महत्व है। इससे छात्रों को आगे बढ़ने और अपनी क्षमता को निखारने का अवसर मिलता है।














Kalope HOMES

All-in-One Home Solution

# Luxury Interior with RealPlast UPVC

Waterproof | Termite Proof | Fire Retardant | Zero Maintenance

**Material Partner:** REAL PLAST


RealPlast UPVC is a next-generation interior material
that combines strength, safety, and luxury design.



## Modular Kitchen
✓ Cabinets, shutters, drawers



## TV Unit & Wall Panels
✓ Modern design, storage



## Wardrobes & Closets
✓ Sliding, swing, loft, drawers



## Bathroom Vanities
✓ Waterproof & hygienic

+91 74887 06578
www.kalopehomes.com
Patna, Bihar

# बिहारशरीफ पहुंचा श्री सत्य साईं बाबा का प्रेम प्रवाहिनी रथ, भक्तों ने किया स्वागत



बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। श्री सत्य साईं बाबा के संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से निकला प्रेम प्रवाहिनी रथ सोमवार को बिहारशरीफ पहुंचा। श्री सत्य साईं सेवा संगठन की नालंदा जिला इकाई की ओर से छोटी पहाड़ी स्थित कुशवाहा धर्मशाला में भव्य स्वागत समारोह का आयोजन किया गया, जहां साईं भक्तों ने रथ का स्वागत करते हुए पूजा-अर्चना की।

इस अवसर पर संगठन के जिलाध्यक्ष वृंजय कुमार उर्फ मनीष ने बताया कि यह यात्रा भगवान श्री सत्य साईं बाबा के दिव्य जन्म शताब्दी समारोह के अवसर पर निकाली गई है।

उन्होंने बताया कि बाबा के प्रेम, सेवा और मानवता के संदेश को देश के कोने-कोने तक पहुंचाने के लिए पांच रथ पूरे देश में भ्रमण कर रहे हैं। यह यात्रा 1 अक्टूबर 2025 को राजस्थान से शुरू हुई थी और अररिया, सुपौल, छपरा, बेगूसराय तथा जमुई होते हुए नालंदा पहुंची है। उन्होंने बताया कि यह रथ यात्रा देश के 28 राज्यों और 8 केंद्रशासित प्रदेशों के करीब 600 जिलों में लगभग दो लाख किलोमीटर की यात्रा पूरी करते हुए 23 नवंबर 2026 को प्रशांति निलयम, पुटपर्थी (आंध्र प्रदेश) पहुंचेगी।

इस अवसर पर संगठन के पूर्व जिलाध्यक्ष राय शिवेंद्र बहादुर उर्फ शुकुलजी, मीडिया प्रभारी शैलेन्द्र नाथ विश्वास, यूथ प्रभारी दानिश कुमार सहित साईं भक्त स्वर्णलता सिन्हा, वीरेश कुमार, प्रमिला देवी, बिनोद कुमार, आदर्श राज, गुड्डू कुमार, अनुग्रह प्रसाद, आभा सिन्हा, शंभू प्रसाद, नवीन कुमार मिश्रा, पूनम सिन्हा, रमेश कुमार और निर्मला सिंह मौजूद रहे।

कार्यक्रम में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। बाद में रथ शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए सोहसराय स्थित साईं मंदिर पहुंचा, जहां साईं भक्तों ने श्रद्धा और उत्साह के साथ रथ का स्वागत किया।

# भटकी नाबालिग बच्ची को कतरीसराय पुलिस ने सुरक्षित परिजनों से मिलाया



आर संतोष भारती

कतरीसराय (अपना नालंदा)। कतरीसराय थाना क्षेत्र के मायापुर मोड़ पर एक नाबालिग बच्ची के देर तक इधर-उधर भटकते हुए देखे जाने पर स्थानीय लोगों को संदेह हुआ। लोगों ने इसकी सूचना तुरंत कतरीसराय थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार ने पुलिस की पेट्रोलिंग टीम को मायापुर मोड़ पर भेजा।

पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर बच्ची से पूछताछ की, लेकिन वह दिल्ली की भाषा में बात कर रही थी और अपना सही पता भी स्पष्ट रूप से नहीं बता पा रही थी। स्थिति को देखते हुए सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस टीम बच्ची को अपने साथ थाना ले आई, ताकि उसकी पहचान और परिजनों की जानकारी जुटाई जा सके।

थाने में पूछताछ के दौरान बच्ची ने बताया कि उसके माता-पिता दिल्ली में रहकर मजदूरी करते हैं। वह अपनी दादी से मिलने के लिए दिल्ली से अपने गांव मायापुर (थाना फतेहपुर, जिला गया) जा रही थी। बच्ची ने बताया कि वह किऊल जंक्शन से गया जाने वाली ट्रेन में बैठी थी, लेकिन गलतफहमी में वारसलीगंज स्टेशन पर उतर गई।

वहां से भटकते-भटकतेवह कतरीसराय के मायापुर मोड़ तक पहुंच गई।

बच्ची परिजनों का मोबाइल नंबर भी स्पष्ट रूप से नहीं बता पा रही थी। इसके बाद थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार ने तत्परता दिखाते हुए फतेहपुर थाना से संपर्क किया। बच्ची द्वारा बताए गए पिता के नाम अरविंद कुमार और गांव के आधार पर पुलिस ने उसके परिजनों तक सूचना पहुंचाई।


सूचना मिलने के बाद बच्ची की दादी सहित अन्य परिजन कतरीसराय थाना पहुंचे। पहचान सुनिश्चित करने के बाद बच्ची को सुरक्षित उनके हवाले कर दिया गया। बच्ची को सकुशल पाकर परिजनों ने राहत की सांस ली और पुलिस की तत्परता तथा संवेदनशीलता के लिए आभार व्यक्त किया।













# जहानाबाद के सूर्या वर्चस्व स्कूल में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर, 250 ग्रामीण लाभान्वित



जहानाबाद (अपना नालंदा)। सूर्या वर्चस्व स्कूल, जहानाबाद में एरिस्टो फार्मा के सीएसआर विभाग एरिश्मा चेरिटेबल ट्रस्ट, मुंबई तथा जीएसएसजी संस्था के सहयोग से निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का आयोजन एरिस्टो फार्मा के प्रबंध निदेशक उमेश शर्मा उर्फ भोला बाबू के दिशा-निर्देशन में किया गया।

स्वास्थ्य शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने करीब 250 से अधिक ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच की और उन्हें निःशुल्क दवाएं भी उपलब्ध कराईं। शिविर में मेदांता अस्पताल, पटना के जनरल फिजिशियन डॉ. एस.एस. पाण्डेय, तीर्थंकर महावीर जैन हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर, नालंदा की स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. स्वाति, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. के.सी. झा, दंत चिकित्सक डॉ. आयुष तथा साईं नेत्रालय, पटना के नेत्र विशेषज्ञ डॉ. सुनील कुमार ने मरीजों की जांच की।इस दौरान सामान्य रक्त जांच सहित कई अन्य आवश्यक जांच की भी व्यवस्था की गई थी। शिविर का सफल संचालन सीएसआर के वरिष्ठ प्रबंधक राहुल कुमार की निगरानी में किया गया।कार्यक्रम में एरिस्टो फार्मा के सीएसआर विभाग से अनुराग गुंजन, राकेश कुमार, सुधांशु कुमार और कुंदन कुमार उपस्थित रहे। वहीं जीएसएसजी संस्था के सचिव रामाशंकर शर्मा, विकास कुमार और अन्य सदस्यों ने भी शिविर के आयोजन में सक्रिय भूमिका निभाई।सूर्या वर्चस्व स्कूल के निदेशक मनीष कुमार का भी इस आयोजन में महत्वपूर्ण सहयोग रहा। आयोजकों ने बताया कि इस शिविर का मुख्य उद्देश्य लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और ऐसे लोगों तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना है, जो किसी कारणवश अस्पताल नहीं जा पाते।












# प्रखंड कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के मुद्दे पर जदयू नेता संजय कुशवाहा ने सौंपा ज्ञापन

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। बिहारशरीफ सदर प्रखंड जदयू सह कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष संजय कुशवाहा ने पटना में अपर मुख्य सचिव बी. राजेंद्र से मुलाकात कर एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने प्रखंड स्तरीय कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति (20 सूत्री) से जुड़े मुद्दों को उठाते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करने की मांग की।

ज्ञापन में कहा गया है कि बिहार सरकार द्वारा अधिसूचना जारी कर प्रखंड स्तरीय कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति का गठन किया गया है। इस समिति में अध्यक्ष और सचिव को मानदेय तथा अतिथि भत्ता दिए जाने का प्रावधान है। साथ ही योजना के अनुश्रवण और निगरानी के लिए महीने में एक बार अध्यक्ष और उपाध्यक्ष को वाहन उपलब्ध कराने की व्यवस्था भी अधिसूचना में निर्धारित की गई है।

संजय कुशवाहा ने बताया कि अब तक इन मदों के लिए राशि का आवंटन नहीं किया गया है, जिससे समिति के कार्यों के संचालन में परेशानी हो रही है। उन्होंने यह भी कहा कि जिले के कई प्रखंडों में कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की बैठकें आयोजित की जा चुकी हैं। उन्होंने बताया कि जब बिहारशरीफ के प्रखंड विकास पदाधिकारी सह पदेन सचिव को बैठक बुलाने के लिए पत्र दिया गया तो उनके द्वारा इस संबंध में उप विकास आयुक्त से मंतव्य मांगा गया। वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा यह भी कहा जा रहा है कि नई सरकार बनने के बाद पुरानी अधिसूचनाएं स्वतः समाप्त हो जाती हैं।

संजय कुशवाहा ने ज्ञापन में स्पष्ट किया कि जब तक सरकार किसी अधिसूचना को आधिकारिक रूप से रद्द नहीं करती, तब तक वह प्रभावी रहती है। उन्होंने अपर मुख्य सचिव से समिति से संबंधित स्थिति स्पष्ट करने और राशि आवंटित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करने का आग्रह किया है, ताकि उत्पन्न असमंजस दूर हो सके।

# बकरा गांव में पूर्व विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट, पांच घायल, पांच आरोपी गिरफ्तार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। बिन्द थाना क्षेत्र के बकरा गांव में पूर्व विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर लाठी-डंडे चले। इस मारपीट की घटना में दोनों पक्षों के कुल पांच लोग घायल हो गए। घटना के बाद गांव में कुछ देर के लिए अफरातफरी का माहौल बन गया।घायलों में बकरा गांव निवासी अवधेश, केवटसुधीर केवट और सीमा कुमारी तथा ताजनीपुर निवासी गोपाल पासवान और वीर अभिमन्यु कुमार शामिल हैं।

स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को इलाज के लिए बिन्द प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार चल रहा है।






## संपादकीय

जे पी चौधरी



# दुबई में सुरक्षित नहीं रहेंगे

भारत के कई बड़े उद्योगपति, निवेशक और उच्च आय वर्ग के लोग तेजी से दुबई और खाड़ी देशों की ओर रुख करते दिखाई दिए। कम टैक्स, वैश्विक जीवनशैली और आसान बिजनेस माहौल ने उन्हें आकर्षित किया। लेकिन, हाल के भू-राजनीतिक तनावों और क्षेत्रीय अस्थिरता ने इस प्रवृत्ति पर नए सवाल खड़े कर दिए। क्या वास्तव में दुबई जैसे देशों में बसना उतना सुरक्षित और स्थायी विकल्प है जितना माना जाता है, या फिर यह केवल टैक्स बचाने और विलासितापूर्ण जीवन की चाह का परिणाम है! यह सवाल अब गंभीर बहस का विषय बन चुका है।

एक दशक में दुबई भारतीयों के लिए सबसे पसंदीदा विदेशी ठिकानों में से एक बनकर उभरा है। खासकर अमीर भारतीयों और उद्योगपतियों के बीच वहां बसने की प्रवृत्ति तेजी से बढ़ी है। दुबई की रियल एस्टेट मार्केट में भारतीय निवेशकों की हिस्सेदारी लगातार बढ़ती गई और कई बड़े कारोबारी परिवारों ने वहां महंगी प्रॉपर्टी खरीदकर स्थायी निवास बना लिया।

इस आकर्षण के पीछे सबसे बड़ा कारण दुबई का टैक्स ढांचा है। दुबई में व्यक्तिगत आयकर नहीं है, जबकि भारत में उच्च आय वर्ग को 30प्रतिशत तक टैक्स देना पड़ता है। यही कारण है कि कई लोग अपनी आय और संपत्ति को सुरक्षित रखने के लिए खाड़ी देशों में बसने काफैसला करते हैं। इसके अलावा दुबई का आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर, अंतर्राष्ट्रीय व्यापार केंद्र के रूप में पहचान और अपेक्षाकृत आसान कारोबारी नियम भी लोगों को आकर्षित करते रहे हैं। हालांकि, दुबई जाने का कारण केवल टैक्स बचाना ही नहीं है। कई उद्योगपति और कारोबारी दुबई को वैश्विक व्यापार का प्रवेश द्वार मानते हैं। मध्य पूर्व, यूरोप और अफ्रीका के बीच स्थित होने के कारण दुबई व्यापार और लॉजिस्टिक्स के लिए एक रणनीतिक केंद्र बन चुका है। इसके अलावा दुबई में लग्जरी जीवनशैली, आधुनिक शहर, बेहतर परिवहन व्यवस्था और अपेक्षाकृत तेज प्रशासनिक प्रक्रियाएं भी आकर्षण का कारण हैं। कई भारतीय पेशेवर और उद्यमी मानते हैं कि दुबई में कारोबार शुरू करना और विस्तार करना भारत की तुलना में आसान और तेज है। लेकिन, हाल के समय में पश्चिम एशिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनावों ने इस आकर्षण पर सवाल खड़े कर दिए हैं।




# देवघर इलाज कराने गया था परिवार, सूने घर से 30 लाख की चोरी

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। दीपनगर थाना क्षेत्र के बेरौटी गांव के टोला इंदरपुर में चोरों ने एक सूने मकान को निशाना बनाते हुए करीब 30 लाख रुपये की संपत्ति चोरी कर ली। गृहस्वामी अपनी पत्नी का इलाज कराने के लिए सपरिवार देवघर (झारखंड) गए हुए थे। रविवार सुबह घर लौटने पर उन्हें घटना की जानकारी मिली।जानकारी के अनुसार बेरौटी टोला इंदरपुर निवासी अंजनी कुमार विद्यार्थी 16 मार्च को अपने घर का ताला बंद कर पत्नी के इलाज के लिए देवघर गए थे। रविवार की सुबह करीब 10:15 बजे जब वे घर लौटे तो देखा कि मुख्य द्वार का ताला टूटा हुआ है। घर के अंदर प्रवेश करने पर सभी कमरों और अलमारियों के ताले टूटे मिले तथा सामान इधर-उधर बिखरा पड़ा था।गृहस्वामी ने बताया कि चोरों ने गोदरेज अलमारी और बक्से में रखे करीब 200 ग्राम सोने के आभूषण, 16 हजार रुपये नकद और घर, जमीन व गाड़ी के महत्वपूर्ण कागजात चोरी कर लिए। चोरी गए सामान की अनुमानित कीमत करीब 30 लाख रुपये बताई जा रही है।पीड़ित अंजनी कुमार विद्यार्थी ने इस मामले में दीपनगर थाने में लिखित आवेदन देकर शिकायत दर्ज कराई है।

# प्रधानमंत्री मोदी के 8931 दिन सार्वजनिक जीवन के तप, त्याग और समर्पण के प्रतीक: संजय सरावगी



पटना (अपना नालंदा)। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 8931 दिन पूरे होने पर उन्हें बधाई देते हुए इसे तप, त्याग और राष्ट्रसेवा की ऐतिहासिक यात्रा बताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का सार्वजनिक जीवन अदम्य इच्छाशक्ति, कठोर परिश्रम और राष्ट्र के प्रति पूर्ण समर्पण का उदाहरण है।प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सिक्किम के पूर्व मुख्यमंत्री पवन कुमार चामलिंग का रिकॉर्ड भी पीछे छोड़ दिया है। चामलिंग ने मुख्यमंत्री के रूप में 8930 दिन सेवा दी थी, जबकि मोदी ने मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के रूप में कुल 8931 दिन पूरे कर भारत में सबसे लंबे समय तक शासन करने वाले प्रमुख बनने का रिकॉर्ड बनाया है।संजय सरावगी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की कार्यशैली अद्वितीय है। वे प्रतिदिन 18-18 घंटे काम करते हुए देश के विकास को नई ऊँचाइयों तक ले जाने में जुटे रहते हैं। उनका नेतृत्व निर्णायक होने के साथ-साथ संवेदनशील भी है, जो गरीब, वंचित और अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के हितों को प्राथमिकता देता है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में बिहार ने भी विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं। प्रधानमंत्री जनधन योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत योजना और प्रधानमंत्री आवास योजना जैसी जनकल्याणकारी योजनाओं से राज्य के करोड़ों लोगों को लाभ मिला है।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि आधारभूत संरचना के क्षेत्र में भी बिहार में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। राष्ट्रीय राजमार्गों के विस्तार, रेलवे के आधुनिकीकरण और नई कनेक्टिविटी परियोजनाओं से राज्य को विकास की नई गति मिली है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में "सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास" का मंत्र देश के विकास का आधार बन चुका है और भारत वैश्विक स्तर पर नई पहचान बना रहा है।

# पटना में पहली बार आयोजित हुआ भव्य भूमिहार परिवार मिलन समारोह, एकजुटता पर जोर



पटना (अपना नालंदा)। राजधानी पटना में भूमिहार परिवार फाउंडेशन की ओर से 'भूमिहार बैठकी, गांधी मैदान' के एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर 52वें रविवार को पहली बार भव्य 'भूमिहार परिवार मिलन समारोह' का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में समाज के कई वरिष्ठ अधिकारी, गणमान्य अतिथि और बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। समारोह का उद्देश्य समाज में एकजुटता, आपसी सहयोग और सामाजिक सौहार्द को मजबूत करना था।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया, जिसमें बिहार के पूर्व डीजीपी अभयानंद की विशेष उपस्थिति रही। उन्होंने शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि समाज के लोगों को उच्च शिक्षा की ओर विशेष ध्यान देना चाहिए। उन्होंने युवाओं से सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ने और समाज के विकास में योगदान देने की अपील की।संगठन के संस्थापक अंकित चन्द्रायण ने कहा कि पटना शहर के सभी मोहल्लों में सदस्यता अभियान चलाकर भूमिहार समाज के हर परिवार को एक मंच से जोड़ने का प्रयास कियाजा रहा है। उन्होंने बताया कि जरूरतमंद लोगों को इलाज के दौरान पटना में रहने की सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में भी पहल की जा रही है। साथ ही समाज के व्यवसायियों को जोड़कर आर्थिक रूप से मजबूत बनाने का प्रयास किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि पटना में जल्द ही एक लाइब्रेरी स्थापित की जाएगी, जहां 100 से अधिक बच्चों को निःशुल्क शिक्षा दी जाएगी। उन्होंने केंद्र सरकार की स्किल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया और आत्मनिर्भर भारत योजनाओं का लाभ उठाकर युवाओं को आत्मनिर्भर बनने की अपील की।

कार्यक्रम को टिकारी युवराज हर्ष राज, प्रीति प्रिया, एस.के. पाण्डेय, डॉ. संजीव, कर्नल कुणाल और डॉ. मारुत नन्दन ने भी संबोधित किया। इस मौके पर अजय जी, पुरशोत्तम जी, दीपक जी, सुजीत जी, युगल जी, नीरज जी, रामजन्म जी, सुमन्त जी, किशोर और अभिजीत जी सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# हिलसा के माता सुशीला इंस्टीट्यूट में शिक्षा और मानसिक स्वास्थ्य पर राष्ट्रीय संगोष्ठी हुआ आयोजित



संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। नालंदा जिले के हिलसा अनुमंडल स्थित सैयदवहरी में माता सुशीला इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन में रविवार को "शिक्षा एवं मानसिक स्वास्थ्य" विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी का उद्देश्य शिक्षा और मानसिक स्वास्थ्य के बीच गहरे संबंध को समझना तथा छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के उपायों पर विचार-विमर्श करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. अभिजीत कुमार गौतम, डॉ. राजीव रंजन (डीएसडब्ल्यू, पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना) सहित कई शिक्षाविदों द्वारा दीप प्रज्वलन एवं स्मारिका विमोचन के साथ किया गया।

संगोष्ठी में वक्ताओं ने कहा कि शिक्षा और मानसिक स्वास्थ्य एक-दूसरे से गहराई से जुड़े हुए हैं। वर्तमान समय में छात्रों पर बढ़ता शैक्षणिक दबाव, प्रतिस्पर्धा और सामाजिक अपेक्षाएं उनके मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित कर रही हैं। ऐसे में सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण का निर्माण करना बेहद जरूरी हो गया है। कार्यक्रम में प्रस्तुत शोध का उद्देश्य शिक्षा और मानसिक स्वास्थ्य के बीच संबंधों को समझना तथा सुधार के व्यावहारिक उपाय सुझाना था।

डॉ. अभिजीत कुमार गौतम ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा केवल ज्ञान प्राप्त करने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह व्यक्ति के समग्र विकास का आधार है। उन्होंने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य व्यक्ति की भावनात्मक, सामाजिक और मनोवैज्ञानिक स्थिति को दर्शाता है। आज के दौर में छात्रों में तनाव, चिंता और अवसाद जैसी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं, जो कहीं न कहीं शिक्षा व्यवस्था और बढ़ती प्रतिस्पर्धा से भी जुड़ी हुई हैं।

डॉ. राजीव रंजन (डीएसडब्ल्यू, पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय) ने कहा कि छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य पर शैक्षणिक दबाव के प्रभाव को समझना बेहद आवश्यक है। उन्होंने कहा कि शिक्षा प्रणाली में सुधार के साथ-साथ मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता भी बढ़ानी होगी, ताकि छात्र स्वस्थ वातावरण में शिक्षा ग्रहण कर सकें।

डॉ. कमल प्रसाद बौद्ध, डीन, फैकल्टी ऑफ एजुकेशन, पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय पटना ने कहा कि शिक्षा और मानसिक विकास पर शोध के लिए पुस्तकों, शोध पत्रों और इंटरनेट सामग्री का उपयोग कर व्यापक अध्ययन किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि बेहतर मानसिक स्वास्थ्य होने पर छात्र बेहतर तरीकेसे सीखते हैं, उनका आत्मविश्वास और



एकाग्रता बढ़ती है तथा सामाजिक व्यवहार में भी सकारात्मक बदलाव आता है।

बीआरए विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर की डॉ. आभा रानी सिंह ने अपने की-नोट संबोधन में शिक्षा और मानसिक विकास के गहरे संबंधों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जब मानसिक स्वास्थ्य बेहतर होता है तो छात्रों की शैक्षणिक उपलब्धियां भी बढ़ती हैं। वहीं पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के डॉ. रंजन कुमार ने बताया कि शिक्षा और मानसिक स्वास्थ्य के संतुलन से छात्रों में ज्ञान और जागरूकता बढ़ती है, समस्या समाधान की क्षमता विकसित होती है और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिलता है।

कार्यकारी सचिव डॉ. विनोद कुमार ने कहा कि अत्यधिक प्रतियोगिता, परीक्षा का दबाव और असफलता का डर छात्रों में तनाव, अवसाद और आत्मविश्वास की कमी जैसी समस्याओं को जन्म देता है।

डॉ. प्रणव गुप्ता ने शिक्षकों और शैक्षणिक संस्थानों की भूमिका पर जोर देते हुए कहा कि छात्रों के प्रति सहानुभूतिपूर्ण व्यवहार, तनावमुक्त वातावरण, काउंसलिंग सेवाओं की व्यवस्था और सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों को बढ़ावा देना बेहद जरूरी है।

संस्थान के प्राचार्य डॉ. विष्णु मोहन कुमार ने सुझाव दिया कि स्कूलों और कॉलेजों में नियमित काउंसलिंग सत्र आयोजित किए जाएं, छात्रों के लिए योग और ध्यान को बढ़ावा दिया जाए तथा परीक्षा प्रणाली को कम तनावपूर्ण बनाया जाए। साथ ही अभिभावकों और शिक्षकों को भी मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जाना चाहिए।सहायक प्राध्यापक वीरेंद्र कुमार ने कहा कि शिक्षा और मानसिक स्वास्थ्य एक-दूसरे के पूरक हैं। यदि शिक्षा प्रणाली को छात्र-केंद्रित और तनावमुक्त बनाया जाए तो छात्रों का मानसिक स्वास्थ्य बेहतर हो सकता है।इस अवसर पर अरविंद कुमार, हरेंद्र प्रसाद यादव, डॉ. अरुण कुमार, सर्वेंद्र प्रसाद यादव, राजेश्वर प्रताप सिंह, डॉ. राजेश कुमार यादव सहित कई शिक्षाविद और गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने और शिक्षा प्रणाली को अधिक संवेदनशील बनाने की आवश्यकता पर बल दिया।

# भारतीय स्वतंत्र शिक्षण संघ की नालंदा जिला प्रतिनिधि सभा संपन्न, निजी विद्यालयों की समस्याओं पर हुई चर्चा




संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। भारतीय स्वतंत्र शिक्षण संघ की जिला शाखा नालंदा की प्रतिनिधि सभा रविवार को संपन्न हुई। इस बैठक में जिले भर के निजी विद्यालयों से जुड़े पदाधिकारियों और प्रतिनिधियों ने भाग लेकर शिक्षा व्यवस्था तथा निजी विद्यालयों से संबंधित समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की।

सभा की शुरुआत राष्ट्रीय नववर्ष शाके 1948 शालिवाहन और बिहार दिवस की शुभकामनाओं के साथ हुई। बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि आगामी 29 मार्च 2026 को कर्पूरी भवन (टाउन हॉल), बिहारशरीफ में संगठन की सत्रांत सभा आयोजित की जाएगी। इसमें जिले के सभी निजी विद्यालयों के संचालकों को आमंत्रित किया जाएगा।

प्रतिनिधि सभा में जिला कार्यकारिणी के साथ-साथ जिले के विभिन्न प्रखंडों और प्रक्षेत्रों के कार्यकारिणी सदस्यों ने भाग लिया। बैठक में निजी विद्यालयों की समस्याओं की समीक्षा करते हुए जिला शिक्षा विभाग से मांग की गई कि सभी पूर्व से प्रस्वीकृत विद्यालयों का शीघ्र नवीनीकरण किया जाए तथा जिन विद्यालयों को अभी तक यूडायस कोड प्राप्त नहीं हुआ है, उन्हें अविलंब यूडायस उपलब्ध कराया जाए। साथ ही ज्ञानदीप योजना के अंतर्गत नामांकित एवं निःशुल्क अध्ययनरत बच्चों की प्रतिपूर्ति राशि का भुगतान बकाया राशि सहित अद्यतन रूप से करने की मांग की गई।

समीक्षा के दौरान यह भी पाया गया कि जिला शिक्षा विभाग के पास पूर्व से प्रस्वीकृत निजी विद्यालयों की अद्यतन सूची उपलब्ध नहीं है। सूचना के लिए बनाए गए पांच व्हाट्सएप समूहों में से चार को समाप्त कर एक अद्यतन समूह बनाए जाने की आवश्यकता बताई गई, ताकि सभी विद्यालयों तक सही जानकारी समय पर पहुंच सके।

बैठक में यह भी चर्चा हुई कि जिले में कई विद्यालय बिना यूडायस के संचालित हो रहे हैं,जिसके कारण यूडायस डाटा भरने के समय निजी विद्यालयों को प्रखंड शिक्षा कार्यालय का चक्कर लगाना पड़ता है। इसके अलावा प्रतिपूर्ति राशि की जांच प्रक्रिया में भी देरी हो रही है और अभी तक मात्र 167 विद्यालयों की ही जांच पूरी हो सकी है।सभा में यह भी कहा गया कि जन्म पंजीकरण कार्यालय की प्रक्रिया भी सुचारू नहीं होने से अभिभावकों को जन्म प्रमाण पत्र बनवाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इसमें सुधार की आवश्यकता जताई गई।






बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि जिले के सभी निजी विद्यालयों को एक मंच पर लाकर उन्हें संगठित किया जाएगा, ताकि शिक्षा व्यवस्था को मजबूत किया जा सके और ट्यूशन फीस से संबंधित समस्याओं का समाधान किया जा सके।

सभा को संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष भारत मानस, जिलाध्यक्ष मो. जाहिद और जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार ने संबोधित किया। इसके अलावा जिला कार्यकारिणी के सदस्य अरविंद प्रसाद, रंजीत कुमार, अमित कुमार और विकास कुमार ने भी अपने विचार रखे।

प्रखंड एवं प्रक्षेत्र स्तर से आए प्रतिनिधियों में निशिकांत प्रसाद, ब्रजेश कुमार, नरेश प्रसाद, सुशांत कुमार विमल, कुमार चंद्र प्रकाश, करण राज, सागर कुमार, राजीव कुमार, स्मित बब्बर, जितेंद्र कुमार, सुनील कुमार, धर्मेंद्र कुमार, सुजीत कुमार, गोपाल कुमार, विनय कुमार, दीनदयाल सिंह, रंजीत कुमार, मो. इसमाइल अली, नितेश कुमार, अवधेश प्रसाद, राकेश कुमार, सत्येंद्र प्रसाद सिंह, राम प्रकाश कुमार, तरुण कुमार, कुमार पंकज, विकास कुमार, राजीव रंजन कुमार, अखिलेश प्रसाद, अभिषेक कुमार, सौरभ रंजन, अरुण कुमार सिंह और संगठन की संरक्षिका रेखा भारती सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के अंत में संरक्षिका रेखा भारती ने धन्यवाद ज्ञापन दिया और सभी सदस्यों से आगामी सत्रांत सभा को सफल बनाने का आह्वान किया।

# समाजसेवी अरविंद कुमार सिन्हा की पहल पर नेपुरा में मासिक धर्म जागरूकता शिविर हुआ आयोजित



विजय प्रकाश उर्फ पिंटू

नूरसराय (अपना नालंदा)। नालंदा जिले के सिलाव प्रखंड अंतर्गत नेपुरा गांव में किशोरियों को स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से मासिक धर्म जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण बच्चियों ने भाग लिया और स्वास्थ्य से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं।

यह शिविर एसओएस चिल्ड्रन्स विलेजेज इंडिया, एचपीई तथा एसओएस बालग्राम भारत के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से समाजसेवी अरविंद कुमार सिन्हा मौजूद रहे, जिन्होंने बच्चियों को मासिक धर्म से जुड़े मिथकों को दूर करने और स्वच्छता अपनाने के लिए प्रेरित किया। शिविर के दौरान करीब 230 बच्चियों के बीच सेनेटरी पैड का वितरण किया गया।इस अवसर पर समाजसेवी अरविंद कुमार सिन्हा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी मासिक धर्म को लेकर जागरूकता की कमी है, जबकि यह एक सामान्य जैविक प्रक्रिया है। उन्होंने बताया कि सिलाव प्रखंड के लिए 2500, बिंद प्रखंड के लिए 2500 और



नूरसराय प्रखंड के लिए 7000 सेनेटरी पैड उपलब्ध कराए गए हैं। उन्होंने कहा कि बच्चियों के स्वास्थ्य और जरूरतों के लिए वे आगे भी एक अभिभावक की तरह सहयोग करते रहेंगे।

कार्यक्रम में ट्रेनर डॉ. अल्पना कुमारी ने किशोरावस्था में होने वाले शारीरिक और मानसिक बदलावों, व्यक्तिगत स्वच्छता, पोषण तथा हैंड हाइजीन के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने मासिक धर्म के दौरान होने वाली समस्याओं और संक्रमण से बचाव के उपाय भी बताए।

कार्यक्रम में प्रोजेक्ट इंचार्ज सुदीप्तो पॉल, निशि कुमारी, ममता कुमारी, रेणु कुमारी और संजय कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। आयोजकों ने बताया कि युवाओं को सही जानकारी देने के लिए ऐसे जागरूकता कार्यक्रम आगे भी जारी रहेंगे।

# बिहार दिवस पर बिहारशरीफ में प्रभात फेरी व प्रतियोगिताएं, छात्रों को किया गया सम्मानित



संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। बिहार दिवस के अवसर पर रविवार को जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग के मार्गदर्शन में सोगरा उच्च विद्यालय से श्रम कल्याण केंद्र तक प्रभात फेरी निकाली गई। इस प्रभात फेरी का नेतृत्व जिला शिक्षा पदाधिकारी आनंद विजय, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (स्थापना) आनंद शंकर तथा जिला कार्यक्रम पदाधिकारी सह प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी अंशु कुमारी ने किया। प्रभात फेरी में करीब 400 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

इस दौरान जिला शिक्षा पदाधिकारी आनंद विजय ने शिक्षकों और कर्मियों को बच्चों का विशेष ध्यान रखने तथा यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। प्रभात फेरी श्रम कल्याण केंद्र पहुंचने के बाद बच्चों को जलपान कराया गया और आवश्यक निर्देश देकर उन्हें विदा किया गया।

प्रभात फेरी में आरजीएल उच्च विद्यालय छबीलापुर के शिक्षक अजय कुमार, मास्टर ट्रेनर प्रशांत प्रियदर्शी, मनीष कुमार, अभिनव कुमार, डॉ. प्रभाकर सिन्हा और अविनाश चंद्र सहित सोगरा उच्च विद्यालय की प्राचार्या तथा बड़ी पहाड़ी, नालंदा कॉलेजिएट, एसएस बालिका विद्यालय और कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।इसके बाद नालंदा कॉलेजिएट में भाषण, चित्रकला, रंगोली, क्विज और ओलंपियाड गणित प्रतियोगिता आयोजित की गई। भाषण प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में अजयकुमार, डॉ. प्रभाकर सिन्हा



और कुमार अमिताभ शामिल रहे। वहीं अन्य प्रतियोगिताओं के निर्णायक मंडल में संगीता कुमारी, विद्यानंद, प्रेम शंकर, अविनाश चंद्र, मनीष कुमार, इरशाद आलम, अभिनव कुमार और प्रशांत प्रियदर्शी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मंच संचालन डॉ. प्रभाकर सिन्हा ने किया।

भाषण प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में सुरभि कुमारी (मध्य विद्यालय नेपुरा, अस्थावां) प्रथम, निशु कुमारी (कस्तूरबा गांधी विद्यालय, बिहारशरीफ) द्वितीय और ज्योति कुमारी (मध्य विद्यालय चोरसूआ, गिरियक) तृतीय रहीं। सीनियर वर्ग में तान्या कुमारी (एसएस बालिका विद्यालय, बिहारशरीफ) प्रथम, नमन कुमार (उच्च विद्यालय बारीडीह, इस्लामपुर) द्वितीय और अर्णव कुमार (बिहार टाउन हाई स्कूल) तृतीय स्थान पर रहे।

कार्यक्रम में डीपीओ स्थापना आनंद शंकर, एडीपीसी श्यामनंदन झा, मीडिया प्रभारी धनंजय कुमार और शिशिर सिन्हा ने सफल छात्र-छात्राओं को मोमेंटो और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। साथ ही प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी बच्चों तथा सहयोगी शिक्षक-शिक्षिकाओं को भी प्रशस्ति पत्र देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

# परवलपुर डिजिटल लाइब्रेरी ने रोमांचक मुकाबले में लालाबिगहा को हराकर टी-20 खिताब जीता

विजय प्रकाश उर्फ पिंटू

नूरसराय (अपना नालंदा)। पपरनौसा पंचायत के सकरौढा खेल मैदान में आयोजित टी-20 टेनिस क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला डिजिटल लाइब्रेरी परवलपुर और लालाबिगहा क्रिकेट टीम के बीच खेला गया। दोनों टीमों के बीच मुकाबला बेहद रोमांचक रहा और मैच का फैसला अंतिम ओवर में हुआ।

टॉस जीतकर परवलपुर के कप्तान प्रेम सिंह ने पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। निर्धारित 20 ओवर में परवलपुर की टीम ने सभी विकेट खोकर 181 रन बनाए। कप्तान प्रेम सिंह ने 25 गेंदों में धुआंधार 52 रन की पारी खेली, जबकि निखिल ने 29 गेंदों में 44 रन बनाए। लालाबिगहा की ओर से गोविंदा ने शानदार गेंदबाजी करते हुए तीन विकेट हासिल किए।लक्ष्य का पीछा करने उतरी लालाबिगहा की टीम ने भी जोरदार संघर्ष किया, लेकिन अंत मेंरोमांचक मुकाबले में चार रन से हार का सामना करना पड़ा। अंतिम ओवर में लालाबिगहा को जीत के लिए सात रन चाहिए थे और दो विकेट शेष थे, लेकिन गेंदबाज शानू की सधी हुई गेंदबाजी ने मैच का रुख बदल दिया और परवलपुर को जीत दिला दी। लालाबिगहा के बल्लेबाज अविनव कुमार ने शानदार अर्धशतक लगाया, परंतु अन्य बल्लेबाज उनका साथ नहीं दे सके।परवलपुर के गेंदबाज रासबिहारी को बेहतरीन प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। वहीं नूरसराय क्रिकेट टीम के ऑलराउंडर शुभम सिंह को मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार देते हुए पांच हजार रुपये नकद और ट्रॉफी प्रदान की गई। यह पुरस्कार पूर्व विधान पार्षद राजू यादव, समाजसेवी तन्नू सिंह और अक्षय सिंह ने संयुक्त रूप से दिया। विजेता टीम को ट्रॉफी के साथ 30 हजार रुपये तथा उपविजेता टीम को 15 हजार रुपये पुरस्कार स्वरूप दिए गए।इस मौके पर मुख्य अतिथि पूर्व विधान पार्षद राजू यादव ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल के क्षेत्र में आज युवाओं के लिए अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने खिलाड़ियों को मेहनत और ईमानदारी से खेलते हुए प्रदेश और देश का नाम रोशन करने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में आयोजक रवि कुमार, गोलू यादव, दिलीप चौधरी सहित कई खेलप्रेमी मौजूद थे।



www.apnanalanda.com

# अपना नालन्दा

अपना शहर, अपना खबर

## नालन्दा का नंबर 1 अखबार




अपना नालन्दा में विज्ञापन देकर
अपने व्यवसाय को दे नई पहचान

## नालन्दा की जनता की आवाज

अपने क्षेत्र की खबर भेजने
ओर विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें।

9031468165
9608311251

विज्ञापन दरें (प्रथम वर्षगांठ विशेष पैकेज)
फुल पेज विज्ञापन – ₹10,000/-
हाफ पेज विज्ञापन – ₹5,000/-
क्वार्टर पेज विज्ञापन – ₹3,000/-

संपर्क करें:
apnanalandaofficial881@gmail.com
9031468165
9608311251